**वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**मानव संसाधन विकास समूह**
**सी एस आई आर कॉम्पलैक्स इन्सटीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेण्ट के सामने**
**लाईब्रेरी एवेन्यू पूसा नई दिल्ली**
e-mail ID: brsharma@csir.res.in

टेंडर सं. सीएसआईआर (सीएक्स)डिस्प/9-1/2012-13 दिनांक: 26.7.2013

**केवल ई वेस्ट के अधिकृत डीलरों को**

**विषय: पुराने अथवा अनुपयोज्य एयरकण्डीशनरों को बेचने हेतु निविदा आमंन्त्रण**

प्रिय महोदय,

**निविदाएं प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख एवं समय : दिनांक 7.8.2013 को अपराह्न 2.30 बजे तक**
**निविदाएं खोलने की अंतिम तारीख एवं समय : दिनांक 7.8.2013 को अपराह्न 3.00 बजे**

**निबन्धन एवं शर्तें :**

1. केवल ई वेस्ट के प्राधिकृत व्यापारी (authorized e-waste handlers) ही निविदा जमा कराने के हकदार हैं। सम्बन्धित प्रदूषण नियन्त्रण एजेंसी से ई वेस्ट के प्राधिकृत व्यापारी होने के साक्ष्य (प्रमाण पत्र) की सत्यापित प्रति संग लगाएं। आवश्यक समझे जाने पर मूल प्रति भी देखी जाएगी।
2. ई वेस्ट के प्राधिकृत व्यापारी के अतिरिक्त अन्य के द्वारा जमा कराई गई निविदाएं मान्य नहीं होगी।
3. निविदा गोंद आदि से मजबूती से सील करके लिफाफे में प्रस्तुत की जाए।
4. बिक्री के लिए यह सामान होटल प्रबन्धन संस्थान पूसा के सामने सी एस आई आर कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली में धांग लगा कर रखा है। सामान की बिक्री "जैसा है जहां है आधार पर" स्थिति में की जा रही है।
5. खरीददार बेचे जाने वाले इस सामान की स्थिति के बारे में अपनी संतुष्टि के लिए दिनांक **7.8.2013** तक किसी भी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक सी एस आई आर कॉम्पलैक्स में सामग्री का निरीक्षण कर सकता है। इस संबंध में बोली दाता सी एस आई आर कॉम्पलैक्स में श्री हरी ओम, अनुभाग अधिकारी (भण्डार एवं क्रय) से संपर्क कर सकते हैं। निविदाएं जमा करने और सफल बोलीदाता द्वारा सामान उठाने के बाद इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. निविदाकार **संलग्न कोटेशन फार्म** में अपनी दरें अंकों और शब्दों (दोनों) में स्पष्ट रूप से उद्धृत करें। यदि अंकों एवं शब्दों में दी गई राशि में कोई गलती होती है तो उन दोनों में से जो भी राशि अधिक होगी उसी पर विचार किया जाएगा यदि बिना अनुप्रमाणन के दरों में कोई अधिलेखन (over-writing) अथवा फेरबदल किया जाता है तो निविदा तत्काल अस्वीकार की जा सकती है।
7. निविदाएं, इन्हें खोले जाने की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के लिए मान्य होनी चाहिए।
8. प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, (Head, HRDG, CSIR Cx) नई दिल्ली के पक्ष में आहरित बैंकर्स चैक/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रू. 20000/- (मात्र बीस हजार रुपए) की बयाना राशि ऑफर के साथ होनी चाहिए। जिन निविदाओं के साथ बयाना राशि (ईएमडी) नहीं होगी उन्हें तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा। बयाना राशि पर कोई ब्याज प्रोद्भूत नहीं होगा।

**कृ. प. उ.**

**पूर्व पृष्ठ से.........**

9. सफल बोली दाता को प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, नई दिल्ली के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में उद्धृत पूर्ण उच्चतम राशि, अवार्ड लैटर की तारीख से पांच दिनों के भीतर जमा कराना होगा। सफल बोलीदाता की बयाना राशि (ईएमडी) इस कार्यालय में रखी जाएगी और इसे सामान उठाने के बाद वापस किया जाएगा। सफल बोली दाता को यह सामान अवार्ड लैटर की तारीख से दस दिनों के भीतर उठाना होगा। यदि ऑफर लैटर के जारी करने की तारीख से 10 दिनों के भीतर बिका हुआ सामान नहीं उठाया जाता है तो दस दिनों के बाद अधिकतम सात दिनों की विलंब अवधि हेतु खरीददार से 500/- रुपये प्रतिदिन की दर से ग्राऊण्ड रेंट वसूला जाएगा। यदि इस अवधि के दौरान भी सामान नहीं उठाया जाता है तो सामान को परित्यक्त लॉट समझा जाएगा और यदि बोली दाता द्वारा लॉट के लिए ईएमडी तथा अन्य राशि का भुगतान किया गया है तो खरीददार को बिना कोई कारण बताए इस राशि को जब्त कर लिया जाएगा। ऐसी परित्यक्त सामग्री के संबंध में प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह को यह अधिकार प्राप्त है कि वह इसे बोली दाता के जोखिम एवं लागत पर पुन: बेच सकता है। सफल बोली दाता को लॉट की ऑफर मिल जाने तथा पूरी राशि जमा कर देने के बाद सभी असफल पार्टियों की ईएमडी वापस लौटा दी जाएगी

10. बिके हुए सामान को सीएसआईआर को पूर्व सूचना देते हुए किसी भी कार्य दिवस पर निर्धारित अवधि के भीतर पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे के बीच उठाया जा सकता है। परिसर में बिके हुए सामानों को खोलने अथवा तोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

11. खरीददार द्वारा मजदूर, परिवहन और अन्य व्यवस्थाएं अपने जोखिम, लागत एवं जिम्मेदारी पर करनी होगी।

12. बिके हुए सामान की डिलीवरी खरीदार की ओर से किसी व्यक्ति को तभी दी जाएगी जब उसके पास उसके पक्ष में खरीदार के लैटर हेड पर कोटेशन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित वैध प्राधिकरण प्रमाण हो।

13. प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, के पास पूरे अथवा किसी भी सामान को न बेचने का अधिकार आरक्षित है।

14. निविदा में दिए गए पते को खरीददार का पता समझा जाएगा तथा यह समझा जाएगा कि इस पते पर भेजे गए पत्र खरीददार को प्राप्त हो गए हैं। यदि पत्र अवितरित प्राप्त होता है और इस कारणवश इस सामग्री को उठाने में विलम्ब होता है तो ऐसी जमा की गई ईएमडी एवं राशियां जब्त कर ली जाएंगी। इस उद्देश्य हेतु जमा की गई बयाना राशि एवं राशियों के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

15. यदि बिके हुए सामान को उठाते समय परिषद की सम्पत्ति को कोई क्षति होती है तो इसे खरीददार की धरोहर राशि में से सही करवा लिया जाएगा।

16. एतद्द्वारा दिए गए अनुदेशों के अनुसार विधिवत पूर्ण निविदाओं को सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, लायब्रेरी एवेन्यू नई दिल्ली-110012 में दिनांक **7.8.2013** को अपराह्न 2.30 बजे तक प्राप्त किया जाएगा। देर से प्राप्त निविदाओं पर कतई विचार नहीं किया जाएगा।

17. मुहरबंद कोटेशनें भूतल पर स्वागत कक्ष में उपलब्ध टेंडर बॉक्स में डालें। ये कोटेशनें प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, लायब्रेरी एवेन्यू नई दिल्ली-110012 के पते पर भेजी जाएं तथा लिफ़ाफ़े के बाहर इंक्वारी संख्या एवं तारीख, खोलने की तारीख का उल्लेख करते हुए उस "भण्डार का निपटान" लिखा हुआ हो।

18. प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, के पास यह अधिकार आरक्षित है कि वह किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकते हैं। अथवा किसी भी निविदा/निविदाओं को स्वीकार कर सकते हैं।

(बालक राम शर्मा)
भण्डार एवं क्रय अधिकारी

**ANNEXURE**

# QUOTATION FORM

| Sr. | **Make/capacity of the ACs** | **Qty.** |
|---|---|---|
| 1 | Air Conditioners Voltas Window Type 1.5 Ton Voltas make | 6 |
| 2 | Air Conditioners Videocon Window Type 1.5 Ton Videocon make | 7 |
| 3 | Air Conditioners Spencer Window Type 1.5 Ton Spence make | 4 |
| 4 | Air Conditioners Gem Window Type 1.5 Ton – 4, 2 Ton – 1 | 5 |
| 5 | Air Conditioners Arctic Window Type 1.5 Ton | 11 |
| 6 | Air Conditioners LG Window Type 1.5 Ton & 2 Ton | 2 |
| 7 | Air Conditioners Cosmo Window Type 1.5 Ton | 1 |
| 8 | Air Conditioners Window Type 1.5 Ton Amtrex make | 10 |
| 9 | Air Conditioners Window Type 1.5 Ton Electronics make | 1 |

**47 Nos.**

**Particulars of Earnest Money Deposit**

DD/Banker's Cheque No. _______________

dated___________________ for Rs. 20000/-

Name of the Bank______________________

**Our offer for the entire Lot**

In Figures: ___________________

In words: ______________________________

______________________________________

Signature ________________________

Firm_____________________________________

Address: __________________________________________

__________________________________________________

__________________________________________________

Rubber Stamp

Mobile No.: _________________